**कार्यालय प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय अकलतरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 194/अतिथि व्याख्याता/स्था./ 2024 अकलतरी, दिनांक 06/11/2024

**//अतिथि व्याख्याता हेतु विस्तृत विज्ञापन का प्रारूप//**

कार्यालय आयुक्त,उ.शि.संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 574/126/आउशि./राज. स्था./2024 नवा रायपुर, दिनॉक 06/07/2024 एवं छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग "मंत्रालय" का पत्र क्रमांक एफ 3–54/स्था./2020/38–1 नवा रायपुर, दिनांक 20/06/2024 के अनुसार नवीन शासकीय महाविद्यालय अकलतरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में **विषय भौतिकशास्त्र** में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/ अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । आवेदन अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक **18/11/2024 को सायं 3.00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक** अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा ।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता:–**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी । इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए ।
2. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में कार्य करने के लिए बिन्दु–1 के समान न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के साथ साथ आवेदकों को अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन का अनुभव तथा अध्यापन के दौरान छात्र/छात्राओं से अंग्रेजी माध्यम से संवाद कर पाठ्य–विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का भी निराकरण करने में सक्षम होना अनिवार्य होगा । इस हेतु आवेदक अभ्यर्थियों की व्यवस्था राज्य स्तरीय गठित समिति के द्वारा सक्षमता एवं दक्षता के आधार पर निर्धारित की जायेगी ।
3. आयु सीमा:– अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक । छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

विषय/पदों का विवरण :–

| क्र. | विषय | रिक्त पद एवं संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक | सहा.प्राध्यापक |
| 1. | **भौतिक शास्त्र** | – | **01** |
| | **योग:–** | | **01** |

टीप:– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानान्तरण के फलस्वरूप पद भरे जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी ।

शर्ते :–

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम.फिल./पी.एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें ।
2. दिनांक 18/11/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा । ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नही किया जावेगा । वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है । भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा ।
3. अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी ।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 20/11/24 को महाविद्यालय के सूचना पटल व शासकीय महामाया महाविद्यालय रतनपुर वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा । महाविद्यालय की वेबसाईट नही होने पर संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय की वेबसाईट में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य होगा । वेबसाईट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा ।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 22/11/2024 तक होगी ।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 23/11/2024 को किया जावेगा जिसका अवलोकन शासकीय महामाया महाविद्यालय रतनपुर के वेबसाईट अथवा महाविद्यालय की सूचना पटल में किया जायेगा ।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नही है । साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नही है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय /महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नही पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नही की गई है ।
8. आवेदन उपरान्त संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्त्तव्य स्थल पर उपस्थित नही होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नही किया जाएगा
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नही होगा ।

10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :–

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| | (अ) 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | |
| 1. | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/– | 300/– |
| 2. | चार कालखण्डों के लिए प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/– (41,600/–प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/– (30,000/– प्रतिमाह अधिकतम) |
| | (ब) 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | |
| 3. | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/– | 350/– |
| 4. | चार कालखण्डों के लिए प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/– (50,000/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/– (35,000/– प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के उपर पत्राचार का पता प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय अकलतरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखें ।

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नही माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नही कहलायेगें ।

13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी , जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी ।

14. इन्हे सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा ।

15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, कीड़ा गतिविधियॉ, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यॉकन, नैक मूल्यॉकन संबंधी कार्यो में ये सहयोग प्रदान करेंगे ।

16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाऍ तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नही होंगे ।

संस्था प्रमुख/प्राचार्य,
नवीन शासकीय महाविद्यालय अकलतरी,
जिला– बिलासपुर (छ.ग.)